अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ................................................ पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2020
## (वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "हमें उस शिक्षा की आवश्यकता है जिसके द्वारा चरित्र का निर्माण होता है, मस्तिष्क की शक्ति बढ़ती है, बुद्धि का विकास होता है और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है।" शिक्षा सम्बन्धी उक्त विचार किसके हैं? **(1)**

(A) अरस्तू के (B) रबीन्द्र नाथ टैगोर के
(C) स्वामी विवेकानन्द के (D) महात्मा गाँधी के।

**2.** जनसंख्या शिक्षा का मूल सहयोगी संगठन है- **(1)**

(A) UNESCO (B) WHO
(C) UNDO (D) UNICEF

**3.** 'दिवास्वप्न' के लेखक हैं- **(1)**

(A) महात्मा गाँधी (B) गिजूभाई
(C) डॉ. राधाकृष्णन् (D) रबीन्द्र नाथ टैगोर

**4.** 'पाली भाषा' शिक्षा का माध्यम थी- **(1)**

(A) वैदिककालीन शिक्षा का (B) बौद्धकालीन शिक्षा का
(C) मुस्लिमकालीन शिक्षा का (D) मध्यकालीन शिक्षा का।

**5.** मुदालियर आयोग सम्बन्धित है- **(1)**

(A) प्राथमिक शिक्षा से (B) माध्यमिक शिक्षा से
(C) विश्वविद्यालयी शिक्षा से (D) उपर्युक्त सभी से।

**6.** "सच्ची शिक्षा वह है जो व्यक्ति के अन्दर से प्रस्फुटित होती है। यह अन्तः निहित शक्तियों की अभिव्यक्ति है।" यह कथन है- **(1)**

(A) फ्रोबेल (B) रूसो
(C) माण्टेसरी (D) प्लेटो

**7.** आधुनिक शिक्षा का जन्मदाता माना जाता है- **(1)**

(A) मैकाले को (B) विलियम हण्टर को
(C) चार्ल्स ग्राण्ट को (D) चार्ल्स वुड को।

**8.** किण्डरगार्टन से अभिप्राय है- **(1)**

(A) बच्चों का घर (B) बच्चों का खेल मैदान
(C) बाल उद्यान (D) बच्चों का कमरा।

**9.** गिजुभाई शिक्षा को मानते थे- **(1)**

(A) पाठ्यचर्या-केन्द्रित (B) शिक्षक-केन्द्रित
(C) बाल-केन्द्रित (D) समाज-केन्द्रित

**10.** महिला समाख्या योजना कब से लागू हुई? **(1)**

(A) 1992 (B) 1995

(C) 1988 (D) 1989

**11.** "मूल्य वह है जो मानव इच्छाओं की तुष्टि कर सके।" यह कथन है- **(1)**

(A) पारसन्स (B) काने

(C) महात्मा गाँधी (D) अर्बन ।

**12.** स्वच्छ ऊर्जा संसाधन है- **(1)**

(A) सौर ऊर्जा (B) पेट्रोलियम

(C) कोयला (D) प्राकृतिक गैस।

**13.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत 6-14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है? **(1)**

(A) अनुच्छेद 21 (क) (B) अनुच्छेद 22

(C) अनुच्छेद 7 (D) अनुच्छेद 23

**14.** आदर्शवाद के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य है- **(1)**

(A) आत्मनुभूति (B) आत्माभिव्यक्ति

(C) बालक का सामाजिक विकास (D) बालक का प्राकृतिक विकास।

**15.** प्रकृतिवाद किस प्रकार के अनुशासन की बात करता है? **(1)**

(A) प्रभावात्मक (B) मुक्त्यात्मक

(C) दमनात्मक (D) सामाजिक।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** बौद्धकालीन शिक्षा के दो प्रमुख केन्द्रों के नाम बताइए। **(1)**

**17.** मूल्यपरक शिक्षा के उद्देश्य बताइए। **(1)**

**18.** भारतीय शिक्षा का महाधिकार पत्र किसे कहा जाता है? **(1)**

**19.** उपनयन संस्कार से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**20.** राष्ट्रीय बालश्रम नीति कब घोषित की गई? **(1)**

**21.** शिक्षा का निस्पंदन सिद्धान्त किसने दिया ? **(1)**

**22.** प्लेटो की कोई एक प्रमुख रचना का नाम लिखिए। **(1)**

**23.** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की स्थापना के दो उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**24.** भारत में अध्यापक शिक्षा के मानक कौन-सी संस्था तय करती है? **(1)**

**25.** शिक्षा की एक परिभाषा लिखिए। **(1)**

**26.** शिक्षा के दो उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**27.** 'ड्रॉपआउट बालक' से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**28.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दो प्रमुख आन्दोलनों का नाम लिखिए। **(1)**

**29.** पर्यावरण संरक्षण के दो उपाय लिखिए। **(1)**

**30.** किन्हीं चार नैतिक मूल्यों के नाम लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** मारिया माण्टेसरी की शिक्षा पद्धति की विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**32.** प्रारम्भिक शिक्षा की प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं? **(2)**

**33.** बौद्धकालीन शिक्षा व्यवस्था के गुण बताइए। **(2)**

**34.** शिक्षा के प्रभावी कारक के रूप में राज्य के प्रमुख कार्यों को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**35.** आदर्शवाद व प्रकृतिवाद के शैक्षिक उद्देश्यों की तुलना कीजिए। **(2)**

**36.** शिक्षा का व्यापक अर्थ क्या है? **(2)**

**37.** हण्टर कमीशन की प्रमुख विशेषताओं को बताइए। **(2)**

**38.** शान्ति निकेतन की स्थापना के क्या उद्देश्य थे? **(2)**

**39.** 'बुनियादी शिक्षा' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/2020

2. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

3. वर्तमान भारतीय समाज और प्रारंभिक शिक्षा के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vartman-bhartiya-samaj-evam-prarambhik-shiksha/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN